आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**04 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के तेइस जिले बाढ़ से प्रभावित। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में बाढ़ की स्थिति का जाना हाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा।
- मुख्यमंत्री ने मथुरा में करीब एक हजार इक्यावन करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शुभारंभ। कहा– आस्था के साथ आर्थिकी पर भी है सरकार का ध्यान।
- प्रदेश भर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्मोत्सव। मथुरा में देश–विदेश से बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु। पांच सौ ड्रोन के जरिए आसमान में जीवंत होंगी श्रीकृष्ण की लीलाएं।
- महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट एशिया कप में भारतीय टीम ने हांगकांग को हराया, सेमीफाइनल में बनायी जगह।

**********

भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के तेइस जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के कार्य बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से टेलीफोन पर बात कर के बाढ़ की स्थिति का हाल जाना। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी से भी फोन पर बाढ़ की स्थिति का फीडबैक लिया। श्री मोदी ने निर्देश दिया कि बाढ़ राहत कार्यों की निरंतर निगरानी की जाए और प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल फर्रुखाबाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बचाव और राहत कार्यों की समीक्षा भी की। श्री योगी ने बाढ़ से प्रभावित लगभग एक हज़ार परिवारों को राहत सामग्री बांटी और आश्रयहीन हुए परिवारों को भूमि आवंटन प्रमाण–पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार बाढ़ की आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे की रिपोर्ट आते ही अन्नदाता किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों तक हर संभव मदद और राहत पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है।

***बाढ़ राहत कार्य के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम, बाढ़ चौकियां, राहत शिविर और जिन गांव में बाढ़ का पानी घरों के अंदर घुस चुका है, वहां पर उन सभी प्रभावित परिवारों के लिए शासन ने जो सुविधा उपलब्ध करवाई है, उनके रहने के लिए, भोजन के लिए और जो लोग अपने घर में सुरक्षित रह सकते हैं, उनके घर पे उन तक राहत सामग्री की किट उपलब्ध करवाने की व्यवस्था।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बाढ़ का स्थायी समाधान निकालना चाहती है। इसके लिए ड्रेजिंग के कार्य को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाने की तैयारी की जाएगी। इसमें जिन किसानों की ज़मीन का अधिग्रहण किया जाएगा, उन्हें उचित मुआवज़ा देने की व्यवस्था की जाएगी।

उधर, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर और बढ़ने के बाद प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से तत्काल सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। लखीमपुरखीरी में शारदा, अयोध्या और तुर्तीपार में सरयू नदी बलिया में घाघरा और बदायूं, गाज़ीपुर और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी जिलों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा में करीब एक हजार इक्यावन करोड़ रुपये की दो सौ उन्नतीस विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि और प्रमाण पत्र भी सौंपें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मथुरा सहित सभी धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आस्था के साथ आर्थिकी पर भी सरकार ध्यान दे रही है।

***विरासत केवल किसी भौतिक वस्तु में नहीं होती और इसीलिए डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक नया आयाम जोड़ा है कि विरासत भी और विकास भी आस्था भी और आर्थिक भी भी यानी अर्थव्यवस्था भी परंपरा भी और परंपरा के साथ–साथ परिवर्तन भी***

मुख्यमंत्री ने कल देर शाम वृन्दावन में नव निर्मित कान्हा भक्ति स्तंभ मार्ग का भी लोकार्पण किया। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत करीब चौबीस करोड़ रूपये की लागत से बने इस मार्ग का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात और भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से यह मार्ग शहर के लिए बड़ी जीवनरेखा साबित होगा।

**********

मुख्यमंत्री ने कल मथुरा में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की नौवीं बोर्ड की बैठक में ब्रज क्षेत्र में जारी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने मथुरा और वृन्दावन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह–जगह होल्डिंग एरिया बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा परियोजना का कार्य अगले तीन वर्षों में, तीन चरणों में पूरा कर लिया जाएगा।

**********

प्रदेश भर में आज श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां बड़ी संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। मथुरा में आज जन्माष्टमी पर पहली बार पांच सौ ड्रोन के जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। एक रिपोर्ट.....

**समूचे बृजमण्डल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लाखों श्रद्वालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर अभिभूत हो रहे हैं, वही यहाँ के वृन्दाबन श्री धाम ठाकुर श्री राधा नील माधव जी महाराज मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह है महाराज श्री प्रणव अवस्थी के सान्निध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है और श्रद्वालु कृष्ण भक्ति में लीन है। यहां के प्रमुख मंदिर मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि,द्वारिकाधीश मंदिर,वृन्दाबन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारीजी मंदिर, इस्कॉन मंदिर,प्रियकांतजू मंदिर,चंद्रोदय मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। मोम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

कल मथुरा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज सुबह श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन और पूजन करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षक दिवस पर कल गोरखपुर में प्रदेश के इक्यासी शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय इन पुरस्कारों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के इक्कसठ और माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीस शिक्षकों का चयन किया गया है।

**********

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि हासिल करने में छोटे और मध्यम उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। श्री गोयल ने कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते भारत को प्रमुख निर्यातक देश बनने में मदद करेंगे।

**भारत 2047 तक तीस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश अपनी आर्थिक यात्रा के अहम दौर में हैं। पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद बहुत उत्साहजनक हैं और भविष्य के लिए बड़ी उम्मीदें जाग रहा हैं। दुनियाभर में अनिश्चिचता और भारी उथल–पुथल के इस दौर में यह उपलब्धि है।**

**********

महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट एशिया कप में भारतीय टीम ने कल हांगकांग को एक सौ सैंतीस रन के बडे अंतर से हराकर सेमी फाइनल में जगह बना ली है। दुबई में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम ने एक सौ तिरानवे रन बनाए। स्मृति मंधाना ने एक सौ चौबीस रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में हांगकांग की पूरी टीम छप्पन रन पर सिमट गयी।

**********

राजस्व वादों के निस्तारण में सरलता और पारदर्शिता को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद की ओर से कल तीन पोर्टल लांच किए गये। राजस्व परिषद बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों को तय समय सीमा में निस्तारित करने के लिए यह पहल की गयी है। इस व्यवस्था से कागजी प्रक्रिया कम होगी और वाद की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक करना आसान होगा।

**********

राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण में लापरवाही और शिथिलता पर प्रदेश सरकार ने चार तहसीलदार और एक नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया है।

**********